प्रादेशिक समाचार

दिनांक–06.10.2023 (सवेरे– 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज झारखंड समेत आठ नक्सल प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ करेंगे बैठक, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत कई वरिष्ठ अधिकारी बैठक में होंगे शामिल।

2. राज्य मंत्रिमंडल ने मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजना समेत 32 प्रस्तावों को दी मंजूरी, चार हजार तीन सौ इक्यावन ग्राम पंचायतों में लगाये जायेंगे चापानल।

3. ईडी समन के खिलाफ हाईकोर्ट में दाखिल मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की याचिका पर सुनवाई आज, उच्च न्यायालय ने सहायक आचार्यों की नियुक्ति संबंधी विज्ञापन पर रोक हटायी।
4. एशियाई खेलों में भारत का शानदार प्रदर्शन जारी, 21 स्वर्ण, 32 रजत और 33 कांस्य के साथ कुल 86 पदक जीते, प्रधानमंत्री ने खिलाड़ियों को दी बधाई।

*****************

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह झारखंड समेत नक्सल प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ आज बैठक करेंगे। इस बैठक में हिस्सा लेने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, गृह सचिव अविनाश कुमार और डीजीपी अजय कुमार सिंह कल दिल्ली गए। इस दौरान शेष प्रभावित इलाकों को नक्सलियों से मुक्त करने और विकास कार्यों तथा जनकल्याणकारी योजनाओं को संचालित करने पर मंथन किया जायेगा। आपको बता दें कि झारखंड के कई जिलों में अब भी माओवादियों का प्रभाव है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के मुताबिक, पूर्व में देशभर के 90 जिले माओवाद प्रभावित थे, लेकिन अब इसकी संख्या घटकर 70 रह गयी है। देश के अति माओवाद प्रभाव वाले 25 में आठ जिले झारखंड के हैं।

*****************

झारखंड उच्च न्यायालय ने झारखंड प्राथमिक विद्यालय सहायक आचार्य नियुक्ति संबंधी विज्ञापन पर लगायी रोक हटा ली है। इस मामले की कल सुनवाई करते हुए अदालत ने झारखंड कर्मचारी चयन आयोग को नियुक्ति में प्रार्थियों के लिए 100 सीटें रिक्त रखने का आदेश दिया। अब आवेदन प्रक्रिया फिर से शुरू होगी। बता दें कि सरकार ने 20 हजार एक सहायक आचार्य नियुक्ति नियमावली 2023 बनाई है। इसके तहत इस नियुक्ति प्रक्रिया में पारा शिक्षकों के लिए 12 हजार 868 पद आरक्षित रखे गये हैं।

*****************

झारखंड मंत्रिमंडल ने कल मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजना समेत 32 प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की। प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के तहत बेहतर काम करने वाली पंचायतों को पुरस्कृत किया जायेगा। चौबीस ग्राम पंचायत को 10–10 लाख रुपये का पुरस्कार, पांच प्रखंड पंचायत को 15–15 लाख और दो जिला परिषद को 20–20 लाख रुपये की राशि दी जायेगी। वहीं स्वास्थ्य एवं स्वच्छ प्रोत्साहन पुरस्कार के तहत भी 24 पंचायत को 10–10 लाख, प्रखंड पंचायत को 15–15 लाख और जिला परिषद को 20–20 लाख रुपये दिये जायेंगे। उत्कृष्ट ग्राम सभा पुरस्कार योजना के तहत 48 ग्राम सभा को चार–चार लाख रुपये उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए दिये जायेंगे।

बैठक के बाद मंत्रिडलीय सचिव वंदना डाडेल ने बताया कि गर्मी में पेयजल की समस्या से निपटने के लिए चार हजार तीन सौ इक्यावन ग्राम पंचायतों में चापानल लगाया जायेगा। वहीं कैंसर का इलाज कर रहे राज्य के सरकारी और निजी अस्पतालों को अब राज्य सरकार को आंकड़ा उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। इसके अलावा बैठक में झारखंड राज्य प्रशिक्षण नीति–2023, राज्य में पांच नए थानों के गठन समेत कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों की स्वीकृति प्रदान की गयी।

*****************

पाकुड जिले के सरकारी विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों और सार्वजनिक जगहों में बाल विवाह मुक्त भारत बनाने का आह्वान किया जा रहा है।

*****************

ईडी के समन के खिलाफ हाई कोर्ट में दाखिल मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की याचिका पर आज सुनवाई होगी। यह सुनवाई मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्रा और न्यायाधीश आनंद सेन की खंडपीठ में होगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 23 सितंबर को झारखंड हाई कोर्ट में ईडी के समन के खिलाफ याचिका दाखिल की है। इससे पूर्व

उन्होंने ईडी के समन के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने पहले हाई कोर्ट में अपील करने के बाद निर्देश दिया था।

*****************

मौसम विभाग ने राज्य में आज कहीं–कहीं हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जतायी है। वहीं 7 अक्टूबर से 9 अक्टूबर तक राज्य के दक्षिणी और उत्तर पूर्वी भागों में कहीं कहीं गर्जन के साथ हल्की बारिश की संभावना व्यक्त की है। हलांकि बंगाल की खाड़ी में बना निम्न दबाव का असर अब कम हो रहा है जिससे कई इलाकों में मौसम साफ हो रहा है।

*****************

भारत ने एशियाई खेलों में अबतक 21 स्वर्ण, 32 रजत और 33 कांस्य पदक के साथ कुल 86 पदक जीते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एशियाई खेलों में भारतीय खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन पर हर्ष व्यक्त किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने अभिषेक वर्मा, ओजस प्रवीण देवतले और प्रथमेश जावकर की पुरुष टीम को कंपाउंड तीरंदाजी स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने पर बधाई दी। प्रधानमंत्री ने महिला तीरंदाजी कंपाउंड टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने पर ज्योति सुरेखा, परनीत कौर और अदिति गोपीचंद की टीम को भी बधाई दी। उन्होंने कहा कि टीम के बेहतर प्रदर्शन, पूर्ण तन्मयता और समर्पण से देश गौरवान्वित हुआ है। उन्होंने स्क्वैश मिक्स्ड डबल्स स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने पर दीपिका पल्लीकल और हरिंदर पाल संधू को भी बधाई दी। प्रधानमंत्री ने स्क्वैश पुरुष सिंगल्स स्पर्धा में रजत पदक जीतने पर सौरव घोषाल को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि खेल कौशल और अपने दृढ़ संकल्प से उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया।

*****************

अहमदाबाद के मोटेरा स्थित नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए मैच में कल आई सी सी क्रिकेट विश्व कप का शुरुआती मुकाबला न्यूजीलैंड ने 9 विकेट से जीत लिया है।

इधर विश्व कप में आज हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में पाकिस्तान और नीदरलैंड के बीच मुकाबला होगा।

*****************

और अब अखबारों की सुर्खियां

राज्य से प्रकाशित होनेवाले अधिकांश अखबारों ने बहुचर्चित नेशनल शूटर तारा शाहदेव उत्पीड़न मामले में सीबीआई कोर्ट के फैसले को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

इसके अलावा प्रभात खबर की सुर्खी है– बेहतर काम करने वाली पंचायतों को 20 लाख रूपये तक का ईनाम।

दैनिक भास्कर ने झारखंड में सहायक आचार्य नियुक्ति प्रक्रिया पर लगी रोक हटाये जाने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हवाले से लिखा है– आबादी के अनुसार मिले हक।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– भारत ने लगायी पदकों की स्वर्णिम हैट्रिक।

हिन्दुस्तान टाइम्स और टाइम्स ऑफ इंडिया ने सिक्किम में बाढ़ से 37 लोगो के मरने और लगातार हो रही बारिश की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

****************